प्रवचन
क्षायिक सम्यग्दर्शन का क्रमिक विकास
आ0 विद्यासागर जी

वंदित्तु सव्वसिद्धे धुवममल मणोबमं गइं पत्ते।
वोच्छामि समयपाहुड मिणमो सुदकेवली भणिदं।।

गाथा नं. 99,100 अच्छा ये भी हो गया था। '' अथ वीतराग स्वसंवदेन ज्ञान सकाशात् कर्म न प्रभवतीत्ताह'' वीतराग स्वसंवेदन ज्ञानात्मक, सकाशात्, सकाशात् यह पंचमी अर्थ में है। वीतराग स्वसंवेदन ज्ञानात्मक जो स्वरूप है जब प्राप्त होता है। उससे बंध नहीं होता, यह स्पष्टीकरण कर रहे हैं। प्रकरण यह चल रहा हैं आप लोगों को सब ज्ञात हो गया। मोह से युक्त जो आत्मा है उसकी परिणति, उपयोग की परिणति तीन भागों में अथवा तीन रूप में प्राप्त होती है– मिथ्यात्व, अविरति और अज्ञान के रूप में । यह पहली गाथा कही गई थी। और जब तक कर्म बंध होता है तब तक वीतराग स्वसंवेदन ज्ञान का स्वरूप हमें उपलब्ध नहीं होता यह प्रासंगिक गाथा का आशय है उत्थानिका के रूप में आगम में जो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यग्चारित्र के स्वरूप बताए गए है। अध्यात्म में वह उससे उलट नहीं किन्तु व्यवहार सम्यग्दर्शन निश्चय सम्यग्दर्शन और क्षायिक सम्यग्दर्शन व्यवहार सम्यग्ज्ञान निश्चय सम्यग्ज्ञान और क्षायिक सम्यग्ज्ञान व्यवहार चारित्र और निश्चय चरित्र और क्षायिक चारित्र यह परिभाषा घर की नहीं है।, ये नामावली नामोल्लेख आचार्य कुंदकुंद देव की कृति पंचास्तिकाय उसके ऊपर परखंडना रूप टीका जो लिखी गई जयसेन महाराज जी की उस तात्पर्य वृत्ति में उपलब्ध होते है। आप लोगों को चाहिए कि इन तीनों परिभाषाओं को आप देख सकते है। परिभाषा तो उन्होंने नहीं दी पर इतना अवश्य बताया । व्यवहार सम्यग्दर्शन निश्चय सम्यगदर्शन का कारण है और निश्चय सम्यग्दर्शन क्षायिक सम्यग्दर्शन का कारण * हाँ बीजवत्। इसी प्रकार व्यवहार सम्यग्ज्ञान निश्चय सम्यग्ज्ञान का कारण और निश्यच सम्यग्ज्ञान क्षायिक ज्ञान का कारण इसी प्रकार व्यवहार चारित्र निश्चय चारित्र का कारण और निश्चय चारित्र क्षायिक चारित्र का कारण। अब हम चलें, क्षायिक सम्यग्दर्शन हम किसमें लें। क्षायिक सम्यग्दर्शन को जो चतुर्थ गुणस्थान से लेकर के हम बारहवे गुणस्थान तक होता हैं, सामान्य रूप से यहाँ तक होता है। क्योंकि हमें यहीं से तो प्रारंभ करना है क्योंकि क्षायिक सम्यग्दर्शन होता है। प्रारंभ के रूप में तो चतुर्थ गुणस्थान से प्रारंभ होता है। और वह पूर्ण तो हो ही जाता हैं सब लोगों की A to Z सब लोगों की धारणा पक्की बनी हुई है। चाहे आप 13 वें में चले जाएँ 14 वे में चले जाएँ या मुक्ति अवस्था मे चले जाएँ, क्षायिक सम्यग्दर्शन जो होना था वह चतुर्थ गुणस्थान में एक बार हो गया। अब बस कुछ में कुछ नहीं होना है * ये कोई मतलब नहीं * ये रट रखा है तो इस रटी रटाई को अब हम थोड़ा सा आगे बढ़ाएँ। आपको गलत नहीं कह रहे हैं जो हुआ वह अब मिटेगा नहीं इसी का नाम क्षायिक है लेकिन क्षायिक सब एक से होते हैं ऐसा नहीं। एक बात ये भी कही थी हमने कि 12वे गुणस्थान में अवगाढ़ क्षायिकसम्यदर्शन होता है तो केवल ज्ञान जब होता है वह परमावगाढ़ होता है, ये बात भी कही थी। कई बार हमने कह दिया तो इससे फलितार्थ निकलता है कि सम्यदर्शन की। उसकी यात्रा में भी Progress उन्नति उन्नतिशील होना चाहिये। दर्शन मोहनीय का क्षय हो गया अब उसमें क्या उन्नति 1 (हओ) ये दर्शन मोहनीय के क्षय होने के कारण जो क्षायिक सम्यग्दर्शन उत्पन्न हुआ, वो अब मिटेगा नहीं। इतना ही अर्थ है, किन्तु उसकी पुष्टि और होती है वह आगमिक है। उसमें अब कुछ नहीं होता ऐसी धारणा नही बनाईये। ये हमारा कहना था क्योंकि व्यवहार सम्यग्दर्शन के रूप में ही उसको भी ग्रहण किया है, अध्यात्म प्रणाली में। तेषां भरतादीन यत् क्षायिक सम्यग्दर्शन् तत् तु वस्तु वृत्तया सराग सम्यग्दर्शनम्। यत्र सराग सम्यग्दर्शनम् यर्थार्थतया तत्तु व्यवहार सम्यग्दर्शनम् तत् व्यवहार

सम्यग्दर्शनम। निश्चय सम्यग्दर्शनस्य कारणत्वात्तु निश्चय सम्यग्दर्शनम् इति कथ्यते। वहाँ व्यवहार सम्यग्दर्शन का कारण होने से हम उसको कभी कह सकते हैं किन्तु वस्तुतः वह व्यवहार सम्यग्दर्शन है सराग सम्यग्दर्शन है यह कहा है। इससे स्पष्ट होता है कि निश्चय सम्यग्दर्शन का अर्थ है ध्यानात्मक स्थिति, जो शुद्धोपयोग निर्विकल्प समाधि आदि–आदि निर्विकार स्वसंवेदन ज्ञान आदि–आदि। जहाँ पर वह एक होता है तो वहाँ पर तीनों वीतरागता के रूप में उपलब्ध होते हैं। ऐसा आगम में हजारों बार कहा गया है। हजारों बार का मतलब संख्या गिनो नहीं मतलब बहुत बार कहा गया है। तुम गिनकर के बताओ महाराज 5–6 बार तो हो गया है तो कहने में यही आता है कि तुम तो बूढ़े हो गए हो। बूढ़े तो हुए नहीं सबमें बड़े हो इसलिये कह दिया कि तुम बूढ़े हो, नहीं समझे इतना तो कम से कम समझा करो। उसी प्रकार यहाँ संख्या से मतलब नहीं मतलब ये है कि निश्चय सम्यग्दर्शन का ये कारण है अब उसको ध्यानात्मक कहा, वो ध्यानात्मक सम्यग्दर्शन केवल यहॉ ये जघन्य यहॉ पर लेगें हम। मतलब ये है कि एक प्रकार से कृतकृत्य वेदक होने वाला नीचे भी चला जाता है, नही समझे उसकों उन्होने जघन्य नही गिना, किन्तु तिर्यंच अवस्था की अपेक्षा से गिना , क्योकि * अन्तर्मुहूर्त रहता है। उसके विकास का क्रम अपने आप में अलग है। ध्यान की दशा एक प्रकार से सप्तम गुणस्थान से प्रारंभ कर लेते हैं फिर बाद में ध्यान में अप्रमत्त अवस्था में बैठ जाएँगे तो फिर अष्टम गुणस्थान से लेकर के 12वे गुणस्थान तक ध्यान की धारा रहेगी, कोई उठकर के इधर–उधर जाएगा नहीं केवल ज्ञान होने के उपरांत जा सकता है। ये उसकी धारा है। अब इस विकास क्रम में आपने निर्जरा के स्थानों के बारे में आपने तत्त्वार्थ सूत्र के जो नवमीं अध्याय के अंत में आ जाता है लगभग। उसको आप देख लेंगे तो ज्ञात हो ज्ञात हो जाएगा कि इसका विकास क्रम क्या है और एक–एक गुणस्थान को उन्होंने अन्तर्मुहूर्त निर्धारित किया। इसमें पूर्व क्षण में जो निर्जरा हुई थी उससे उत्तर क्षण में उसकी असंख्यात गुणी निर्जरा भी कायम की है। ये प्रत्येक गुणस्थान की व्यवस्था वहाँ की बताई सतण्हं पयडीणं खयादुअवरं तु खइयलद्धीदु।

उक्कस्स खइयलद्धी घाइचउक्कखारण हवे।।166।।
सप्तानां प्रकृतीनां क्षयादवरा तु क्षायिकलब्धिस्तु।
उत्कृष्टक्षायिकलब्धिर्धाति चतुष्कक्षयेण भवेत्।।166।।
संस्कृत टीकाः
''जघन्यक्षायिकलब्ध्यसंयतसम्यग्दृष्टौ उत्कृष्ट क्षायिकलब्धि परमात्मनि भवति।''

3. ''क्षपणासार'' आ. नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती
(भाषावचनिका टीका – पं. टोडरमलजी कृत)
खीणे घादिचउक्के णंतचउक्कस्स होदिं उप्पत्ती।
सादि अपज्जवसिदा उक्कस्साणंत परिसंखा।।690।।
क्षीणे घातिचतुष्केऽनंतचतुष्कस्य भवति उत्त्पत्तिः।
सादिरपर्यवसिता उत्कृष्टानंतपरिसंख्या।।690।।

घातियाकर्मनिका चतुष्क का नाश होते अनंतचतुष्टय की उत्पत्ति हो है। अनंतपना कैसे संभवे है ?
सो कहिये है सादि कहिये उपजने कालविषै आदि सहित है तथापि अपर्यवसिता कहिये अवसान जो अंत ताकरि रहित है तातै अनंत कहिये। अथवा अविभाग प्रतिच्छेदनि की अपेक्षा इनकी उत्कृष्ट अनन्तानन्तमात्र संख्या है, तातैं भी अनन्त कहिये।।
(खंडाकार)

4. सर्वार्थसिद्धि '' आ. उमास्वामी देवकृत तत्वार्थ सूत्र पर आ. पूज्यपाद स्वामीकृत संस्कृत टीका''
'' क्षयोपशमनिमित्तः षड्विकल्पः शेषाणाम्।।22।।
स एषोऽवधिः षड्विकल्पः। कुतः
अनुगाम्यननुगामिवर्द्धमानहीयमानावस्थितानवस्थितभेदात्।

वर्धमानः अपरोऽवधिः अरणिनिर्मथनोत्पन्नशुष्कपत्रोपचयीमानेन्धननिचयसमिद्धपावकवत् सम्यग्दर्शनादिगुणविशुद्धिपरिणामसन्निधानाद्यत्परिणाम उत्पन्नस्ततो वर्द्धते आ असंख्येयलोकेभ्यः।। अपरोऽवधि परिछिन्नोपादानसन्तत्यग्निशिखावत्सम्यग्दर्शनादिगुणहानिसंक्लेशपरिणाम् विवृद्धियोगाद्यत्परिणामउत्पन्नस्ततो हीयते आ अंगुल्यसंख्येयभागात्।

5 उत्तर पुराण आचार्य गुणभद्रकृतय चतुःञपचा ात्तमं पर्व

अवगाढ़ सम्यकद ान, परामवगाढ़ सम्यकद ान

भुक्लध्यानोद्ध सद्ध्यात्या मोहारातिं निहत्य सः । सावगाढ़गर्योऽभाद्

विच्चतुश्कादिभास्करः

द्वितीय भुक्लाध्यानेन धतित्रियतयधतकः । जीवस्यैवापयोगाख्यो गुणः ोशश्वसम्भवात्

धतीति नाम तद्धताद्भूदधचतुश्टये । अधतिश्वपि केशाञचदेव तत्र विलोपनात्

परावगाढ़ सम्यकत्वं चर्यान्त्यां ज्ञानद ाने । दानादिपञचकं प्राप्य सयोगः सकलोगई है। कुछ एक्सेप्शन को लेकर उन्होंने जो अष्टम गुणस्थान में है वह जाकर के 11वे गुणस्थान और उत्कृष्ट दशा को प्राप्त कर लेती है लेकिन जो उत्कृष्ट दशा 11 गुणस्थान में निर्जरा की है वह एक किसी अपेक्षा से अष्टम गुणस्थान के शुरूवात से उससे भी असंख्यात गुणी निर्जरा बताई है। जैसे उपशांत कषाय वालों को एक–एक क्षण में जो निर्जरा हुई है वह, अष्टम गुणस्थान के क्षपक श्रेणी वालों को प्रथम समय में उससे असंख्यात गुणी निर्जरा है '' असंख्येय निर्जरा'' ये कहा। अष्टम गुणस्थान के द्वितीय क्षण में क्षपक श्रेणी वालों को उससे असंख्यात गुणी निर्जरा उससे असंख्यात गुणी निर्जरा अष्टम गुणस्थान में असंख्यात उपलब्ध हो जाएँगे। ये क्रम अब अष्टम गुणस्थान से नवमे गुणस्थान में ले जाईये फिर दसवें गुणस्थान के उपरांत अंतिम क्षण में जा करके मोह का अत्यंत क्षय कर देता है फिर उसके उपरांत वह क्षायिक सम्यग्दृष्टि कहाँ जाता है ? तो बारहवे गुणस्थान में सीधा पहुंच जाता है। वहॉ द्वितीय शुक्ल ध्यान अथवा प्रथम शुक्ल ध्यान प्रारंभ होता है। ये आचार्यों की मान्यता अनुसार समझ लेना । फिर वहाँ से वह कार्यक्रम पुनः से प्रारंभ (चालू) कर देता है। तीन अवशिष्ट जो घातिया कर्म है। उनको एक–एक क्षण में इस ढंग से निर्जरा करना प्रारंभ कर देता है। उसके लिए एक और विचित्र बात बताई, बारहवें गुणस्थान के प्रथम समय से निगोदिया जीवों का निष्कासन ध्यान के माध्यम से होना प्रारंभ हो जाता है। प्रथम समय में अनंत जीवों का निष्कासन हो जाता है, द्वितीय समय में उससे अनंत गुणा ज्यादा, तृतीय समय में उससे अनंत गुणा जीव राशि का निष्कासन हो रहा है, निकाल दीजिए अब। अब किराया नहीं मिलेगा आपको यहाँ पर। इस प्रकार वह असंख्यात समय का count हम करते है। एक–एक समय में अनंत–अनंत जीव राशि असंख्यात समय तक यानि अन्तर्मुहूर्त तक यह कार्यक्रम चलता है। अंत में परम औदारिक शरीर प्राप्त होता है। इस प्रकार कोई भी कार्य व्यवस्थित जो हुआ है। वह सम्यग्दर्शन के, सम्यग्ज्ञान के और सम्यग्चरित्र के विकास क्रम में ही होता है। न कि ज्यों का त्यों बनी हुई अवस्था में। अब ज्यादा ध्यान रखिये बहुत वैचित्र्य है। हम लोग कुछ पढ़ते नहीं स्वाध्याय नहीं करते और हमारे दिमाग में चालीस वर्ष पूर्व कि धुंधला जो था वह विषय कहाँ है हमें याद नहीं आ रहा था और आज जब मैंने सोचा कि वहाँ पर संभव है। त्रिलोक सार में आया है, बहुत अच्छी बात है। आप लोगों ने भी अध्ययन किया होगा, पढ़ा होगा। सब कुछ होगा यह बहुत अच्छा है। वहाँ पर उन्होंने ने जो तिर्यंच पर्याय में क्षायिक सम्यग्दर्शन यहाँ से प्राप्त करके चला जाता है अथवा यूँ कह दो कृतकृत्य होकर के वहाँ पर जायेगा। कृतकृत्य होकर के वहाँ पर चला जायेगा। वहाँ अपनी अवस्था के अनुसार क्षायिक सम्यग्दर्शन को पूर्ण कर लेगा। वहाँ कि क्षायिक सम्यग्दर्शन, सम्यग्दर्शन के आँऽऽऽ हाँ क्षायिक सम्यग्दर्शन तो है उसके अविभागी प्रतिच्छेदों कि परिगणना वहाँ से प्रारंभ करते है। वह कहाँ से कितनी है यह उनके माध्यम से बँधो और उसका उद्देश्य निदान बंध रहित कर्म निर्जरा मात्र हो ऐसा रखो।

संदर्भ ग्रन्थ प्रमाण

1. ''त्रिलोकसार'' आ. नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती विरचित

(श्रीमन्माधवचन्द्र त्रैविद्यदेवकृत संस्कृत टीका)

धम्माधम्मागुरूलघु इगिजीवागुरूलघुस्स होंति तदो।

सुहुमाणि अपुण्णणाणे अवरे अविभागपडिछेदा।।70।।

धर्माधर्मागुरूलघोरेकजीवगुरूलधोः भवन्ति ततः।

सूक्ष्मनिगोदापूर्णज्ञाने अवरे अविभागप्रतिच्छेदाः।।70।।

धम्माधम्म। ततोनन्तस्थानानि गत्वा धर्माधर्मागुरूलघुगुणाविभागप्रतिच्छेदाः,

ततोनन्तस्थानानि गत्वा एकजीवागुरूलघुगुणाविभागप्रतिच्छेदा भवन्ति,

ततोनन्तस्थानानि गत्वा सूक्ष्मनिगोदलब्ध्यपर्याप्तक जघन्यज्ञानाविभागप्रतिच्छेदा उत्पद्यन्ते।।70।।

अवरा खाइयलद्धी वग्गसलागा तदो सगद्धाछिदी।

अडसगछप्पणतुरियं तदियं बिदियादि मूलं च ।। 71।।

अवरा क्षायिकलब्धि' वर्गशलाका ततः स्वकार्धच्छिदिः।

अष्टसप्तषट्पञ्चतुरीयं तृतीयं द्वितीयादि मूलं च।।71।।

अवरा। ततोनन्तस्थानानिगत्वा तिर्यग्गत्यसंयतसम्यग्दृष्टौ जघन्य क्षायिक

सम्यक्त्वरूपलब्धेरविभागप्रतिच्छेदाः

ततोनन्तस्थानानि गत्वा वर्गकशलाकाः, ततोनन्तस्थानानि गत्वा अर्धच्छेदाः।

ततोनन्तस्थानानि गत्वा अष्टममूलं, तस्मिन्नकवारं वर्गिते सप्तममूलं,

तस्मिन्नेकवारं वर्गिते षष्ठमूलं, तस्मिन्नेकवारं वर्गिते पञ्चममूलं, तस्मिन्नेकवारं वर्गिते चतुर्थमूलं तस्मिन्नेकवारं वर्गिते तृतीयमूलं, तस्मिन्नेकवारं वर्गिते द्वितीयमूलं, तस्मिन्नेकवारं वर्गिते प्रथममूलं चोत्पद्यन्ते।।71।।

सइमादिमूलवग्गे केवलमंतं पमाणजेट्ठमिणं।

वरखाइयलद्धिणामं सगवग्गसला हवे ठाणं।।72।।

सकृदादिमूलवर्गे केवलमन्तं प्रमाणज्येष्ठमिदम्।

वरक्षायिकलब्धिनाम स्वकवर्गशला भवेत् स्थानम्।।72।।

सइ। सकृदेकवारं तस्यादिमूलस्य वर्गे गृहीते केवलज्ञानस्याविभागप्रतिच्छेदाः।

एतावदेव द्विरूपवर्गधारायामन्तं, इदमेव प्रमाणज्येष्ठं, एतदेवोत्कृष्टं, क्षायिकलब्धिनाम।

अस्याः द्विरूपवर्गधारायाः स्थानं तस्य केवलज्ञानस्य वर्गशलाकाप्रमाणं भवेत्।।72।।

2. ''लब्धिसार'' आ. नेमिचन्द्र सिद्धान्त चक्रवर्ती

प्रारंभ करते है। सबसे ज्यादा सम्यग्दर्शन के क्षायिक सम्यग्दर्शन के अविभागी प्रतिच्छेद जघन्य रूप में है, तो तिर्यंच अवस्था में हैं यह कायम ध्रुव कर दिया उन्होंने यह जघन्य है। '' अपराऽऽऽ'' अब विकास क्रम चालू होता है, विकास क्रम चालू होता है तो वह सीधे जाकर के क्षायिक सम्यग्दृष्टि जिसको परम अवगाढ़ सम्यग्दर्शन बोलते है। वहाँ पर जाकर के वह स्थित होता है। उसकी संख्या के अल्प बहुत्व की तालिका इन्होंने त्रिलोक सार में बहुत अच्छे ढंग से दिया है। आप लोगो को देखना चाहिए कि इसको हम एक ही मान कर के चल रहे हैं। सम्यग्दर्शन क्षायिक ही रहेगा किन्तु अविभागी प्रतिच्छेद उसको बोलते है शक्त्यंश। शक्त्यंशों का जो विकास होता है, वह सन्निकर्ष के क्षय के साथ ही होता है। अभी क्षायिक सम्यग्दर्शन तो हुआ लेकिन क्षायिक चारित्र नहीं हुआ। जब यह मोहनीय का क्षय होना प्रारंभ हो जायेगा तो निश्चित रूप से क्षायिक सम्यग्दर्शन को पुष्टि आती चली आती है। इसको बोलते है अविभागी प्रतिच्छेदों का वृद्धि का क्रम ऐसा उनकी दृष्टि से एक प्रकार से वह वहॉ से महापुरूष इत्यादि हो सकते हैं आदि आदि। नरक से डायरेक्ट आ जाता हैं तो इस ढंग से हो सकते है। वहॉ से एक भव उसको * हॉ सुनलो वहॉ उनको एक भव देवगति होना , कृतकृत्य होकर के , वह डायरेक्ट यहॉ पर आएगा इसका अर्थ यह है कि नरकों में जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि के अविभागी प्रतिच्छेदों की है परिगणना , वे ज्यादा उपक्रम में है विकासशील हैं प्रोग्रेसिव है सोलिड है उसमें क्वालिटी बहुत अच्छे प्रकार की है इसके लिए हवा खाना और चाहिए

फिर बाद में जाएगा वो खाएगा । अब सोच लीजिए कितने प्रकार के क्षायिक सम्यग्दर्शन के अविभागी प्रतिच्छेदों के अपेक्षा से अंनत अंनत अविभागी प्रतिच्छेदों के स्थान समाप्त होने के उपरांत वह उपक्रम आ जाता है उसकी तुलना उन्होने ये की है सूक्ष्म निगोदिया जो लब्ध्यपर्याप्तक है उसके पास जो अक्षर लब्ध्यक्षर रूप पर्याय नामा जो क्षुतज्ञान है उसके पास भी वह अविभागी प्रतिच्छेद अंनत के रूप में है। नही समझे!उनके अंनत की परिकल्पना के लिये उन्होने जीव द्रव्य रखी पुदगल द्रव्य रखा , उनके अविभागी प्रतिच्छेद और पुदगल द्रव्य के उपरांत आकाश द्रव्य , आकाश द्रव्य के बाद काल या पहले फिर आकाश , फिर धर्म द्रव्य अधर्म द्रव्य के अगुरूलघुगुण के अविभागी प्रतिच्छेद , एक जीव के प्रतिच्छेद फिर इसके उपरांत करते करते करते अंत में जाकर के उन्होने सूक्ष्म निगोदिया जीव लब्ध्यपर्याप्तक है उसके श्रुतज्ञान जो पर्याय नामा अक्षर ज्ञान श्रुतज्ञान उसके पास उससे भी इस जो क्षायिक सम्यग्दृष्टि तिर्यंच अवस्था में हैं। अनंत स्थान जाने के उपरांत इसके पास अविभागी प्रतिच्छेदों की परिगणना प्राप्त हो जाती है जो क्षायिक सम्यग्दर्शन के पास विद्यमान है यह अल्पबहुत्व का उपक्रम इतना मजेदार है देखने से आप लोगों की उस संख्या की परिगणना और व्यवस्था सुनते है मुझे तो ऐसा लगा वग्गिज्जमाण लोगस्स असंख्य गुणिना वग्गिज्जमाणा– वग्गिज्जमाणा। ये अलग आ उठो, प्रमाद छोड़ो जितना बनता, उतना करो, इसको बोलते हैं असंख्यात गुणी निर्जरा।

अब कौन सी स्वाध्याय प्रणाली आ गई इन सारे–सारे भावों के ऊपर वो कहते हैं इसमें कुछ भी नहीं, इसमें मात्र बंध होता है, इसको हम क्या कहें, यह उनका ऐसा ही ज्ञान का परिणमन है, हम कुछ कह नहीं सकते।

विशुद्धि जब घर जाती है, दुनिया के प्रत्ययों में चली जाती है तो अवधिज्ञान भी नीचे आ जाता है, सम्यग्दर्शन परिणाम नीचे आ जाते हैं इस कारण अवधिज्ञान भी नीचे आ जाता है। भले ही सम्यग्दर्शन(4था गुण)
बना रहे कोई बाधा नहीं लेकिन वह असंख्यात गुणी निर्जरा समाप्त इसको क्रियाकर्म भी कहा – षटखण्डागम धवला की 13वीं पुस्तक में।

अधः कर्म, प्रयोग, कर्म, ईर्यापथ आदि–आदि क्रिया। क्रिया का अर्थ क्या है ?

क्रिया का अर्थ ये ही है कि विशुद्धि पूर्वक 6 आवश्यकों का पालन करते हुए, उसमें मुख्य चार रूप से णमोकार मंत्र भी आ जाता है तो कोई बाधा नहीं।

णमोकार मंत्र भी क्रियाकर्म है और णमोकार मंत्र पढ़ते हैं तो असंख्यात गुणी निर्जरा बैठे–बैठे आप कर सकते हैं, नामोल्लेख लेते ही आपके परिणामों में उल्लास होगा, उल्लास होते ही कर्म निर्जरा प्रारंभ हो गई और इसको विकल्प का कारण बताते हैं। आजकल लोग कि णमोकार मंत्र को पढ़ने से कर्मों की निर्जरा होती नहीं, विद्यासिद्धि के लिये मंत्र विद्या होती है। ये सब गड़बड़ है, समयसार आदि में णमोकार मंत्र का अवलम्बन लेने को कहा जब प्रसंग आयेगा बता देंगे।

मंत्र और बिम्ब इन दोनों की अवधारणा करने से आत्म परिणाम में उछाल आता है और उछालने का मूल्यांकन करो तो असंख्यात गुणी निर्जरा होती है। ये तो ठीक है, शुद्धोपयोग की दशा इससे और ऊपर है लेकिन यह भी उसी रास्ते में मिलती है, इसको हेय नहीं कहा असंख्यात गुणी निर्जरा इत्यादिक होते हैं। प्रत्याहार आदि होते हैं उसी के परिणाम में आ जाते हैं। इसीलिये इधर–उधर की बात मत सुनो, संसार में रहते हुए भी ये सब बातें इकट्ठा नहीं करते, जो छोड़ना है तो छोड़ दो, जो ग्रहण करना है तो ग्रहण कर लो, हंस बनो हँसो नहीं।

द्रव्यलिंगी है पंचम गुण में आ गया और उसी समय भरण होता है तो ग्रैवेयक तक चला जाता है किन्तु यह ध्यान रखें कि कितनी भी सल्लेखना अच्छी से अच्छी कर ले श्रावक 16वे स्वर्ग से ऊपर नहीं जा सकता, दोनों मि. दृष्टि नहीं किन्तु संयम लब्धिस्थान च्युत हो गया लेकिन इसके कारण उसकी मृत्यु बिगड़ गई। ऐसा नहीं और पंचम गुणस्थान वर्ती का मरण है ऐसा नहीं, यदि ऐसा होता तो वह नवमें ग्रैवेयक क्या चला जाता।

परिणामों की विचित्रता है इसीलिये अपने अपने परिणामों को जो व्रत लिये हैंजाता है लेकिन इसके लिये भी उन्होंने परिगणना की है अब उसके उपरांत विकास क्रम बताते हैं। अब क्षायिक सम्यग्दृष्टि जो तिर्यंच अवस्था में क्षायिक सम्यग्दर्शन के अविभागी प्रतिच्छेद हैं जो अनंत के रूप में उससे भी आगे उससे पहले अनंत स्थान जाओ तो केवल ज्ञान के वर्ग शलाका के परिगणना स्थान आ जाता है। केवल ज्ञान के वर्ग शलाका, केवल ज्ञान के अविभागी प्रतिच्छेद नहीं हैं। केवल ज्ञान के अविभागी प्रतिच्छेदों को count करने के लिये वर्ग शलाका आ जाते हैं। उसके अनंत और स्थान जाने के उपरांत अर्धच्छेद जैसे मानालो 100 हैं तो 100 के आधे कितने हो गए 50। तो ये दो हो गए पचास, इसको बोलते हैं अर्धच्छेद। ये अर्धच्छेदों के क्रम जो हैं अनंत और आ जाते हैं, उससे अनंत गुणे, अनंत भाग आगे जाने के उपरांत उसका अष्टम वर्गमूल आ जाता है, अष्टम वर्गमूल को अष्टम वर्गमूल से गुणा कर दो उसकी परिगणना है। अविभागी प्रतिच्छेदों की एक जो है सप्तम स्थान आ जाता है , हॉ सप्तम वर्गमूल स्थान , फिर उस सप्तम वर्गमूल स्थान को एक बार वर्गमूल से गुणा कर दो तो षष्ठम वर्गमूल स्थान आएगा। फिर केवलज्ञान के षष्ठम वर्गमूल स्थान को एक बार और गुणित कर दो तो पंचम वर्गमूल है फिर चतुर्थ आएगा । एक–एक बार गुणित करते–करते–करते प्रथम जो वर्गमूल है वह आ जाता है। इस प्रकार और आगे जाने के उपरांत केवलज्ञान के अविभागी प्रतिच्छेद सबसे ज्यादा है। ऐसा कहा है। * हॉ लब्ध्यपर्याप्तक * तो इसका अर्थ ये है कि बड़ा अपने आप में बहुत जोरदार है ये , इसको हम अलौकिक गणित के माध्यम से ही समझ सकते है यह। अब क्षायिक सम्यग्दर्शन की परिगणना कितनी हो गई आप देख लो ये। अब देखों यह तो ये हो गया आगम में इस ढ़ग से इसकी अविभागी प्रतिच्छेदों की क्षमता का एक अवलोकन सामान्य रूप से पसीना आ जाए सुनकर के । नही समझे ! हॉ (हॅसी) पहले तो एक बार पढ़े तो सिर पर ही चला जाए

वग्गिज्जामाणा – वग्गिज्जामाणा , मुझे तो बहुत अच्छा लगता

था और वह परिकर्म में कुन्दकुन्द देव के द्वारा लिखित है ऐसा सुनने में आया था उसकों बार – बार मैं पढ़ता था उसकी भाषा भी बहुत रोचक है । धवला के अंतर्गत वह परिकर्म के रूप मे आ जाता है सुनते षट्खंडागम के सूत्रों के ऊपर परिकर्म नाम की टीका कुन्द – कुन्द देव ने की है , ऐसा सुनने में आया था उसको पढ़ते थे उस समय लगता था ये कैसे वर्ग को असंख्यात बार करते चले जॉए आप । फिर उसके उपरांत जीव से पुदगल में आएगा पुदगल से फिर इसके उपरांत जितने भी समय है उस समय में संख्या आएगी फिर इसके उपरांत धर्म द्रव्य अधर्म द्रव्य और एक द्रव्य के अगुरूलघु गुण के अविभागी प्रतिच्छेद आएंगे फिर इसके उपरांत उत्कृष्ट आएगें , फिर बाद में आएगा सूक्ष्म निगोदिया जीव के लब्धि स्थान, जो पर्यायनामा का जो अक्षर श्रुत ज्ञान है उसका नम्बवर आएगा उसमें जो अविभागी प्रतिच्छेद निहित है उससे अंनत भाग जाने के उपरांत सम्यग्दर्शन लेश्या आदि है उसमें विशुद्धि बढ़ गई तो वह भी बढ़ गया। जैसे समुद्र में शुक्ल पक्ष आता है, तो ऊपर बढ़ जाता है कृष्ण पक्ष आता है तो नीचे उतर आता है तो स.द. के विकास के कारण अवधिज्ञान का विकास है। स.द. का विकास कैसे होता है ये विषय चल रहा है यदि क्षायिक स.द. है उसका विकास क्या है, तो क्षयोपशम का फिर भी ठीक है, क्षायिक का क्या है, तो क्षायिक भी अन्य चारित्र आदि की अपेक्षा से सम्यग्दर्शन आदि को लेकर के बैठ जाता है तो वह विकास को प्राप्त होता है।

सैद्धान्तिक उदाहरण – क्षा.स. है अब उसके लिये देश संयम लेना है, करण आवश्यक है भले ही अनिवृत्तिकरण नहीं होता मैं मानता हूँ करण के माध्यम से ज्यों ही वह अपने पुरूषार्थ के कारण देश संयम की ओर अभिमुख हो जाता है तो सम्यग्दर्शन के साथ–साथ जो विशुद्धि थी उससे भी बढ़कर देश संयम का नाम लेते ही अधःकरण और अपूर्वकरण होंगे, इन दो के माध्यम से असंख्यात गुणी कर्म की निर्जरा होती है। यह आगम का सिद्धांत का उल्लेख है, वह क्षायिक स. था क्यों नहीं करा रहा था। विशुद्धि क्यों नहीं बढ़ा रहा था – इसको बोलते हैं भाव प्रत्यय। इस भाव–प्रत्यय के कारण जो अवधिज्ञान था वह वृद्धि को प्राप्त हो गया, अवधिज्ञान की जो वृद्धि हुई है इसको बोलते हैं अविभागी प्रतिच्छेदों का नाश होने से अवधिज्ञान का विकास। इसी प्रकार अन्य

कर्मों की निर्जरा भी जब हम अपना भाव प्रत्यय बनाते हैं, संकल्प लेते हैं, प्रेरित करते हैं तो बढ़ना प्रारंभ हो जाती है, बाहर कुछ, दिखेगा नहीं लेकिन ये पंक्तियाँ बता रहीं हैं कि आपका विकास भीतर हो रहा है।पहले के लोग कोई भी व्रत पालन करते थे तो बहुत खुश हो जाते थे। आज निर्दोष व्रत का पालन हो गया। महाराज कुछ उद्यापन के लिये बताओ, उसको बहुत खुशी होती थी। उद्यापन में वह विधान करा देता है, बर्तन बाँट देता है, कुछ लोगों को यात्रा करा देता है और कहता, आप लोगों का संयोग मिला, हमें इस प्रकार का सौभाग्य मिल गया कि आप लोग खड़े हो गये यदि आप लोग नहीं होते तो सिद्ध चक्र मण्डल नहीं बनता।

तब कहा– खर्च तो आपका हो गया, बोला नहीं समय तो आप लोगों नं दिया, अनुमति दी, स्वयं खड़े हो गये और एकाशन कर लिया हमने तो संकल्प लिया था लेकिन इसके साथ उसमें आप भी खड़े हो गये इसी का परिणाम है ये।

ये सब क्या है हमें बताओ ? – ये सब अनेक व्यक्तियों के भीतर जो उत्साह नहीं था उस उत्साह की वृद्धि के लिये हो रहा है ये भीतर चलता रहता है और सम्यग्दृष्टि इसकी पहचान करता है, बाहर वालों में क्या उल्लास हो रहा है ये सम्यग्दृष्टि आंक सकता है, मान की ओर देखने वाला नहीं देख पायेगा।

संकेत से सभी तैयार हो जाते हैं कितनी प्रभावना हो जाती है इसको बोलते हैं जिन शासन की महिमा और प्रभावना।

क्षायिक सम्यग् दर्शन जो तिर्यंचों में जघन्य हुआ है उसके स्थान अनंत स्थान आ जाते है । यह हमारी इकाई है । चतुर्थ गुणस्थान में सम्यग्दर्शन हुआ तो इस रूप में हुआ । केवलज्ञानी के पास जो क्षायिक सम्यदर्शन होता हैं , उसमें अनंत बहुभाग स्थान लाघेगें तब कही जाकर के वह मिलेगा चतुर्थ गुण स्थान में सब कुछ हो रहा है यह जितने भी कथन है वह सारे के सारे आगम से विरूद्व है । अब ! हम यह कहना चाहते है कि इतने सारे – सारे स्थान परिकल्पनाओं को जो कि अल्पबहुत्व के रूप में स्वीकार किया गया उनकों तो हमने अध्ययन किया नही और जो कोई भी व्यक्ति कह देता है तो ये इधर उधर की बॉते करे रहे है , बॉते नही आप स्वाध्याय करो हा ये हो सकता है कि यह किसी के दिमाग में नही आया हो , तो बात अलग है लेकिन इन्होने अल्पबहुत्व के रूप में अविभागी प्रतिच्छेंदों का सम्यदर्शन के शक्त्यंशों के बारे में तुलना की है केवल उसी को लेकर के । और केवल ज्ञान और क्षायिक सम्यदर्शन के अविभागी प्रतिच्छेद समान हैं क्योकि एक समवाय आता हैं समवाय ! धर्म द्रव्य के प्रदेश अधर्म द्रव्य के प्रदेश और लोकाकाश के प्रदेश और एक जीव के प्रदेश ये समवाय में बराबर है। हॉ इसी प्रकार अन्यत्र भी , धवला में भी आया है। केवलज्ञान , केवल दर्शन और सम्यग्दर्शन क्षायिक सम्यग्दर्शन इनके समवाय एक होते है । नही तो चतुर्थ गुणस्थान को और केवलज्ञान को एक ही मानकर चलोगे तो समान गृहस्थाश्रम मे हो जाएगा , नरकों में हो जाएगा , तिर्यंचों में भी हो जाएगा ? ऐसा नही । अविभागी प्रतिच्छेद । मिठास तो एक ही है Quality Quantity बढ़ती चली जाती है Quality तो एक ही रहती है ऐसा कई व्यक्तियों के मुख से सुना यह गला नही उतरता ? कैसे नही उतरता ? हमने उनको कहा देखों , दूज के चॉद की चॉदनी और पूणिमा के चॉद की चॉदनी इन दोनों में बहुत अंतर है । नही – नही महाराज , इसमें कम Quantity है Quality तो एक है ऐसा नही Quantity और Quality सारे सारे जो बढ़ते चले जाते है ऊपर ऊपर । ये पक्की बात है हॉ । यद्यपि गन्ना , दो महीने का गन्ना भी मिठास को लेकर के रहता है , छुप छुपकर के बच्चे तोड़ताड़ के खा लेते है जुकाम भी हो जाता है । थोड़ा – थोड़ा सा मिठास है किंतु बारह महीने निकलने के उपरांत उस गन्ने से गुड़ बनता है , शक्कर बनता है।वह दो महीने में निकाल करके देख लो लप्सी तक नही बनेगी उसकी । हॉ । वो कुछ किसी भी रूप में नही आएगा * हॉ हॉ * ये गलत बात है * नही नही ऐसा नही क्वान्टिटी अलग है हम गन्ने का उदाहरण दे रहे है शक्कर का नही दे रहे , ध्यान रखों हमने कैसे दिया ? हमने क्वान्टिटी ऐसा नही । यह सोलह कला है जो सोलहवे दिन में ही निकलेगी * हॉ हॉ । गन्ने का उदाहरण * हम कैंसे देंगें

हम उदाहरणाभास नही होते । समान रूप से आप देखिये उसकों , तो निश्चित रूप से मिलेगा । चतुर्थ गुणस्थान में जो क्षायिक लब्धि स्थान हैं और तिर्यंचों में हैं। इसका अर्थ अनार बोलते हैं, कोई बात नहीं। तो उसमें आप देख लो फूल और फल कैसे बनता है। जो बहुत अच्छा देखने में मिल जाएगा। इस प्रकार यह सम्यग्दर्शन जो चतुर्थ गुणस्थान में क्षायिक सम्यग्दर्शन होता है। इसको कहीं–कहीं पर अध्यात्मकारों ने ''बीजमूलं'' ऐंसा कहा है, इससे समझे आप। ''आनंद सागर जी'' इसको बीज कहा है, इसका अर्थ ये है उसी में से बीज में से फूल निकलेगा और फूल में से अंकुर होकर के फूल निकलेगा फिर बाद में वह फल की ओर यात्रा करेगा। अभी यह उसके पास बीज ही मात्र है इसलिये बीज अवस्था में कभी शुद्धोपयोग नहीं हो सकता ऐंसा। वो ही ज्यादा यात्रा करेगा दिगंबर बनेगा, सब बनेगा, सब होगा। इसलिये यदि आप उसको अच्छे ढंग से फल के रूप में परिवर्तित करना चाहते हो तो नेमिचंद्र सिद्धान्त चक्रवर्ती के द्वारा लिखा हुआ यह लब्धिसार व त्रिलोकसार इन दोनों को पढ़कर के फिर उसके साथ विद्यानंद जी महोदय ने भी इसका समर्थन किया है। ध्यान रखना उसमें भी उन्होंने यही कहा है कि वह ऐसा नहीं ऐसी आपकी शंका है लेकिन वह शंका उत्तर नहीं है ध्यान रखना उसको comma लगाकर के inverted comma(इनवर्टेड कॉमा)। ये pointedite (प्वांटेडिट) जिसको बोलते हैं। ये point (पोइन्ट) है ये पोइन्ट स्वय ं दे रहा है प्रश्नकार। ये उत्तर नहीं है इसको उत्तर मानकर के चल रहे हैं उसका परिणाम ये हुआ है पूर्व पक्ष को अच्छे ढंग से समझ लेना चाहिये वह सात–आठ पृष्ट तक है, वो, एकदम नहीं हुआ था वो * हाँ एक ही बात है वो बस * हाँ।

समयसार प्रवचन

तत्वार्थ सूत्र में अवधिज्ञान भव प्रत्यय और क्षयोपशम निमित्त वाला कहा है। भव प्रत्यय देव और नारकी के होता है मनुष्य और तिर्यच्च जीव के लिये क्षयोपशम निमित्त होता है, प्रश्न उठाया कि देव और नारकी में क्षयोपशम निमित्त नहीं है क्या ? है वहाँ भी क्षयोपशम निमित्त भव प्रत्यय से हो जाता है। अवधिज्ञानवरण का, इसलिये भवः प्रत्यय ही वहाँ पर मुख्य रूप से है किन्तु यहाँ पर भव जो मनुष्य और तिर्यञ्च को लेकर प्रत्यय नहीं होगा यानि इसके कारण अवधिज्ञानावरण का क्षयोपशम नहीं होगा, किन्तु क्षयोपशम का अर्थ ये है अवधिज्ञानावरण कर्म का क्षयोपशम होने पर जो अवधिज्ञान होता है वह 6 प्रकार का है, उसमें से एक दो के बारे में कहना चाहते हैं। एक वर्धमान एक हीयमान अवधिज्ञान हुआ तो सम्यक्दर्शन जो है वहाँ पर फिर वर्धमान और हीयमान क्यों ?

पूज्यपाद स्वामी ने विशुद्धि, संयम इत्यादि, सम्यग्दर्शन आदि में विशुद्धि बढ़ने से उसका विकास होता है सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चरित्र के विकास के कारण वह अवधिज्ञान जिस रूप में क्षयोपशम को प्राप्त था उसमें बढ़ना प्रारंभ हो जाता है। इसको बोलते हैं वर्धमान। ''वर्धते इति वर्धमान'' तो किसके द्वारा वृद्धि को प्राप्त करता है, इसके पासये हैं कि तिर्यंचों की अपेक्षा से नरकों में ज्यादा है और नारकियों की अपेक्षा से देवों में ज्यादा हैं और देवों की अपेक्षा से मनुष्यों में ज्यादा है और मनुष्यों में भी भोगभूमि की अपेक्षा से नही कर्मभूमि के मनुष्यों में । और वह ऊपर – ऊपर बढ़ता जाएगा तेरहवे गुणस्थान में जाकर के वो निकल जाएगा। अभी हमारा कहना है तेरहवे गुणस्थान के बाद में भी कुछ संभव है , जैसे संयम लब्धि स्थान दसवे गुणस्थान के उपरांत समाप्त कर दिया जाता है वैसे, क्योकि कषाय का पूर्णतः अभाव हो जाता हैं। ग्यारहवे , बारहवे , तेरहवे गुणस्थान ये यथाख्यात चरित्र कह करके चलते है , तत्त्वार्थ सूत्र में ही मिलते है * नही । एक लब्धि स्थान , ऊपर की बात हैं। जहॉ सूक्ष्म कषाय नाम का चरित्र रूक जाता हैं। उसके बाद असंख्यात लब्धि स्थान जाकर के यथाख्यात चरित्र रूकता है। यथाख्यात चरित्र का मतलब बारहवे गुणस्थानवर्ती , फिर इसके उपरांत एक लब्धि स्थान जाकर के जिन का आ जाता है इसमें भी लब्धि स्थानों की तुलना की गई हैं इसी प्रकार आगे भी कर सकते हैं। * हॉ हॉ । क्योकि निर्जरा स्थान तो उन्होने बताए पर असंख्येय गुण निर्जरा । संयोग केवली की अपेक्षा से अयोग केवली की निर्जरा ज्यादा है। * देखिए ये बहुत हैं। ये त्रिलोक सार में आप पढ़िये , तो ये गणित कहीं भी

नही मिलेगी आपको । * ये संयम लब्धि स्थान की बात नही कह रहा हू वो केवलज्ञान और क्षायिक सम्यदर्शन की अपेक्षा से वहॉ । और ये संयम लब्धि स्थान यहॉ पर भी मिल जाएगें । तत्वार्थ सूत्र की टीका में देख लो , सवार्थ सिद्वि में मिलेगें आप लोगों को क्योकि ये दो धाराऍ है ये धवला में नही मिलेगा , धवला में मिलेगा तो दसवें गुणस्थान तक ही विकास क्रम बताया फिर कषाय रहित स्थान होने के कारण कषायनुरंजित प्रवृत्तिः लेश्या उसके साथ वो घटित नही करते * दर्शन मोहनीय के उपरान्त भी आप देख लो , दर्शन मोहनीय के अभाव होने के उपरांत भी आठ अंगों का जब कथन मिलता हैं। तो वहॉ पर चरित्र मोहनीय भी घुस करके आ जाता हैं। , चरित्र मोहनीय के कारण ही घुस करके आ जाता हैं। ये निः कांक्षित अंग हैं। ? सोचो , विस्तार करों – आकांक्षा न हो । आकांक्षा यह विषयों की ओर ले जाने वाली जो कषाय की प्रणाली हैं। उसकों संयत करेंगें तब वह अंग बनेगा। पंचम गुणस्थान में भी अभी है प्रत्याख्यान । फिर उसके उपरांत संज्वलन है , ये सारी – सारी बाते उसमें आ जाएगी । अंगों के माध्यम से सम्यग्दर्शन पुष्ट होता हैं। ऐसा आगम में उल्लेख है नांगहीन मलं छेत्तुं दर्शनं जन्म सन्ततिं (रत्नकरण्ड श्रावकाचार)एक अक्षर न्यून कोई मंत्र है अथवा अधिक भी हो तो वह विष की वेदना को दूर नहीं कर सकता। उसी प्रकार अंगहीन सम्यग्यदर्शन जन्म सन्तति को नष्ट नही कर सकता । इसमें आकांक्षा चली गई । आकांक्षा किस संबंधी ? अप्रत्याख्यान संबंधी , प्रत्याख्यान संबंधी आदि आदि सब चली जाएगी। क्षायिक सम्यग्दर्शन होने के उपरांत भी यह पुष्ट होगी और विकास क्रम चलेगा , सम्यग्दर्शन भी उसके साथ पुष्ट होता चला जा आनंद का अनुभव होता है कि किस प्रकार यह जघन्य से लेकर के यात्रा 14वें गुणस्थान को पार करके सिद्ध तक सिद्धत्व तक होती है। यह हमेशा–हमेशा याद रखने योग्य है। कुन्द–कुन्द ने भी इसी प्रकार के लब्धि स्थानों का कथन किया है। क्योंकि इनके लिये लब्धि स्थानों का इनको ज्ञान नहीं था क्या ? पूरा ज्ञान था। इसलिये तो कारण–कार्य की व्यवस्था बता करके एक–एक समय में पूर्व पर्याय जो है उत्तर पर्याय विशिष्ट द्रव्य का अपादान कारण है और उसके आगे आगे वह बढ़ता ही चला जाता है, पुष्ट होता चला जाता है। चैतन्य चंद्रोदय में एक स्थान पर हमने हेतु दिया है, शुभोपयोग जो है कलिका है, शुद्धोपयोग है फूल हॉ और उसका फल जो है केवलज्ञान यह उसका फल है। फिर अशुभपयोग क्या है ? अशुभपयोग न फूल है न कलिका है लेकिन कलिका से भी पीछे वाला कुछ मोर जैसा होता है मोर जैसा होता है यदि हो रहा है तो समझ लेना वह शुभोपयोग की ओर कदम उठाई हुई कलिका का ही रूप है जो अनिवृत्ति करण परिणाम अपूर्वकरण आदिक रूप रहता है। बाकी वो अशुभोपयोग बस्स। जो अशुभोपयोग पूर्ण रहता है वह तो किसी भी प्रकार से नहीं। उसके पास तो केवल पत्ता है नहीं समझे और अब कॉटे पीटे सब कुछ है। उसके पास छाया तो मिल जाएगी लेकिन उसके द्वारा फल फूल पत्ते वगैरह कुछ नहीं मिलेंगे वह उसकी दशा है ऐंसा थोड़ा सा बताने का प्रयास किया है फूल का विकास भी होता है तो फल की ओर उसकी यात्रा होती है। फूल का भी विकास होता है ये किसान लोग इसका महत्व समझते हैं पहले सर्वप्रथम सिट्टे आने के पूर्व में, बाल आने से पूर्व में फूल आते हैं और फूल आते हैं और फूल की यदि रक्षा होती है। उन्हीं दिनों में मान लो यदि अच्छे ढंग से वर्षा हो गई तो किसान कहते हैं, भैया जब फूल ही झड़ गया तो अब काय का। घास–फूस रहेगा हमारे लिये तो धान्य आ नहीं जाएगा हॉ कभी–कभी यदि फूल झड़ने के उपरांत यदि पुनः फूल आने की संभावना रहती है तो पुनः वह पक जाए, पुनः गर्मी हो जाए, पुनः वर्षा हो जाए बहुत ही दूर की बात होती है। उसी प्रकार फूल को भी जो फल की पूर्व पर्याय मानी जाती है। फल के रूप में यदि परिणमन करता है तो वह फूल ही करता है। लेकिन यह ध्यान रखना एक दिन में फल के रूप में नहीं करता, जब वह फूल फल के रूप में आता है तो वह फूल में से एक जो है मूँगफली के बराबर फूल हो जाता है। उसके पीछे बाजू को फूल रहता है। जैसे–जैसे फल बढ़ता जाता है वैसे–वैसे फूल सूखता सा होता है, मुरझाया सा होता –होता –होता–होता और वह फल के रूप में परिणत हो जाता है समझे आप लोग दाड़िम वृक्ष में इस प्रकार का आप देख सकते हैं। उदाहरण भी तो होने चाहिये आप लोगों को। कौन से फल हम पकड़ें दाड़िम का जो फल होता है उसमें * ऐंऽऽ अनार है। दाड़िम

जानते तो हैं दाड़िम * जानते हैं, दाड़िम नहीं जानते। * चलता है खाते तो हैं उसमें क्या है ? दाड़िम तो प्रसिद्ध तो है ही। दाना, दानेदार जो होता है * दाड़िम–दाड़िम, ठीक है इसकोरहा हैं। इससे स्पष्ट है कि लब्ध्यक्षर से लेकर के उन्होने जघन्य क्षायिक सम्यग्दर्शन के सम्यग्दर्शन संस्थान – लब्धिस्थान बता दिये उससे अनंत गुणा जाकर के वह रूक जाता हैं। वहॉ से प्रारंभ होता हैं। क्षायिक सम्यग्दर्शन के विकास की यात्रा , और केवलज्ञान में जाकर के वो चला जाता हैं। तो आत्मानुशासन में जो मार्ग दर्शन आदि आदि दस प्रकार के जो दर्शन बताए है। सम्यग्दर्शन हॉ आज्ञा आदि को लेकर के । उसमें अगाढ़ , अवगाढ़ और परमागाढ़ आदि शब्द आ जाते हैं। जो स्पष्ट बता देता है कि विकास का यह क्रम हैं। धर्मस्थान में भी इस प्रकार दस प्रकार के धर्म ध्यान होते हैं। ऐसा प्रतिक्रमण पाठ में हमें मिलता हैं। आज्ञा विचय , उपाय वचिय , अपाय विचय। उपाय विचय भी एक है इसी प्रकार विराग विचय भी है , हॉ । संस्थान विचय , लोक संस्थान विचय ऐंसा इसमें भी हैं। शुचि विचय , शरीर विचय । विचय के अपेक्षा से । शरीर के बारे में भी आया शरीर के बारे में भी आप सोचियें। शरीर विचय या अशुचि विचय ऐसा भी हैं।ये क्या है ? विचय यानि विचार करों , तो इससे स्पष्ट हो जाता हैं। कि ये जो पंचास्तिकाय के माध्यम से हमने पकड़ा था वह बिल्कुल ठीक है। ये इसका कारण है , ये इसका कारण हैं। ये इसका कार्य हैं , ये इसका कार्य हैं। उन्होने बताया । * हॉ । * सुनो –सुनो । वो ऐंसा नही है आप समझो वह निश्चय सम्यग्दर्शन लो हुआ वह व्यवहार सम्यग्दर्शन के कार्य रूप में हुआ। उसमें विकास क्रम हुआ हैं। क्योकि ध्यान में लग गया वों । अभी तक तो ज्ञान श्रद्वान में था अब तो ध्यान में लग गया और ऐसा लग गया कि अंसख्यात गुणी कर्म निर्जरा उसकी बढ़ गई । बीच में कितने अल्पबहुत्व घटित किए , देख लो , सोच लो। ये करते चले जाओ। सप्तम गुणस्थान में मान लो क्षायिक सम्यग्दर्शन किसी को हो गया अब उनका उपक्रम आएगा आठ प्रकृति , सात नही । चार अप्रत्याख्यान चार प्रत्याख्यान ये आठ को एक वह उपशम कर देता हैं। अथवा क्षय कर देता हैं। एकाग्र वृत्ति आ गई उसको । ये ध्यान के माध्यम से आ गई । सम्यग्दर्शन पुष्ट हो गया , सम्यग्ज्ञान पुष्ट हो गया । ये – ये बात यहॉ पर बीतराग स्वसंवेदन ज्ञान कहा गया । अब कुछ भी हिलेगा डुलेगा नही वहॉ से तीन चार गुणस्थान तक क्रम रहेगा ये । एक – एक समय में वह पुष्ट होती चली जा रही हैं। क्योकि कर्म की निर्जरा ही बता रही हैं। कि वह तीनों रत्नत्रय पुष्ट होते चले जा रहे है। * हॉ ये वो ठीक है जिस रूप में आप कहो हम तैयार हैं उसमें कोई बाधा नही लेकिन विकास हो रहा है। हॉ ! क्योकि विकास नही होता तो निर्जरा असंख्यात गुणी , पहले की अपेक्षा से असंख्यात गुणी क्यों होती ? गुणस्थान में नही , गुणस्थान के अन्तर्गत भी प्रति समय असंख्यात गुणी निर्जरा और असंख्यात समय तक वह चला जाएगा । फिर बाद में दूसरा गुणस्थान आएगा । इस प्रकार गुणस्थान का परिर्वतन के लिए भी असंख्यात गुणी निर्जरा स्थान हो जाते हैं। और निर्जरा स्थानों में यह पुष्ट होती चली जाती हैं। इसी प्रकार समयसार में आगे जाकर संबर आदि ज्यों का त्यों रहा इसके द्वारा कर्म की निर्जरा हुई कैसे ? * हमें ये बताना आवश्यक है कर्म की निर्जरा करने के लिये कुछ न कुछ किया उसने। कुछ न कुछ किया है तो क्या वह? उन्नति तो की है उसने हॉ एडजस्ट कर लिया उसने हॉ 'अनिवृत्तिकरण परिणाम और अध्यात्म शास्त्रों का स्वाध्याय और केवली समुद्घात और जिनेन्द्र भगवान की भक्ति और * ओ अच्छा, शास्त्र स्वाध्याय कह दिया द्वादशांग का ज्ञान तो स्वाध्याय कर लिया उसने। एक और है, अनिवृत्तिकरण भी बता दिया * द्वादशांग को तो कह दिया स्वाध्याय में आ गया। केवली समुद्घात अनिवृत्तिकरण परिणाम द्वादशांग तो बता दिया न स्वाध्याय के माध्यम से द्वादशांग अध्यात्म ज्ञान जिनेन्द्र भगवान की भक्ति, जिनेन्द्र भगवान की भक्ति के द्वारा कर्म निर्जरा होती है और आज का निश्चय, जो स्वाध्याय करने वाले हैं क्या कहते हैं ये तो कर्म हुआ। अब देखो जिनेन्द्र भगवान के द्वारा, जिनेन्द्र भगवान के द्वारा लिखित। लिखित का मतलब बताया गया जो शास्त्र है उसके द्वारा तो असंख्यात गुणी निर्जरा मानते हैं लेकिन भगवान की भक्ति करते हैं तो बंध ही होता है। ये कौन–सा भूत आ गया है ? जिनेन्द्र भगवान के द्वारा बताया हुआ जो शास्त्र है उसके अध्ययन करने से तो कर्म की निर्जरा और जिनेन्द्र भगवान की

स्तुति करते हैं तो बंध। ये कैंसा है ? ये एक धारणाएँ हैं, पट्टी पढ़ाई गई है इसके द्वारा बंध है बस दान करते हैं तो उसके द्वारा बंध है भक्ति करते हैं तो बंध। फिर करें कि नहीं करें? हेय बुद्धि से करो, आहाहाऽऽऽ भगवान। ये अपनी तरफ से लगाते हैं क्योंकि बंध अपने को इष्ट नहीं। इसलिये हेय बुद्धि से कर दो तो बंध रूक जाएगा। प्रशस्त रूक जाएगा और अप्रशस्त बढ़ जाएगा * पक्की बात है हजारों व्यक्तियों के लिये यदि मार्ग का अवरोधन आप कर रहे हैं तो पक्की बात है वह कर्म की निर्जरा कभी हो ही नहीं सकती * एँऽऽऽ हेय बुद्धि से करो कह तो रहे हैं न। ये सीखो, ये ही तो बात है पुण्य के प्रति अभी ललक बहुत है तुम लोगों की इसलिये ऐंसे कह रहे हो। अब बोलो ये कहा जाता है। अच्छी बात है हम ये कहना चाहते हैं इसी प्रकार भोजन में भी हेय बुद्धि से करो, अब करो ही नहीं क्योंकि वह बंध पुण्य बंध होगा। अरे भोजन स्वयं करते हैं तो वह सम्यग्दृष्टि के तो भोग की निर्जरा है और दान देते हैं तो बंध। फिर ऐंसे करो आप ▣ इसी प्रकार हेय बुद्धि से ही मुँह में डाल लो न। एँऽऽऽ हेय बुद्धि से भक्ति करो तो हेय बुद्धि ये सारे के सारे। किंतु परं–परं भक्ति के द्वारा करो ऐंसा कहा गया है। भक्ति नहीं विशेष भक्ति। ''विधि द्रव्य दातृ पात्र विशेषात् तद् विशेषः'' ये क्या है ? सब उल्टा है तो आचार्य कहते हैं भावों के द्वारा निर्जरा होगी भावों के द्वारा ही बंध होगा ये कहा जा रहा है। थोड़ा सा आगे बढ़ते हैं उत्थानिका में ही एक घंटा हो गया हमारा।धन्य हैं वे आराध्य जो हम लोगों को इस प्रकार का रास्ता मालूम ही नहीं था। तूफान चल रहा है। चारों तरफ से धूल आ रही है। आँखें देखने के लिये सक्षम नहीं हैं उसमें भी उन्होंने light मार के रास्ता दिखाया। आज जो है हमें बहुतअधिकार में यह कहेगें। जब तक यह रत्नत्रय जघन्य परिणाम को लिए हुए है रहते हैं।तब तक ज्ञेय बंधक हो जाते हैं। और आगे जब वे उत्कृष्ट हो जाते हैं। तो फिर वे केवलज्ञान के लिए कारण होते हैं। यह बिल्कुल देखेगें आप । समये – समये कह रहे हैं। ये सारे के सारे ये बता रहे हैं। बहुत ही बढ़िया वैज्ञानिक ढ़ंग से , संक्षेप के साथ अध्यात्मक को यहॉ पर रखा गया हैं। धन्य है वो कुन्द कुन्द । हॉ और उन कुन्द कुन्द के आशय को समझने वाले टीकाकार भी धन्य हैं। धन्य हैं। और ज्ञान सागरजी महराज जी ने भी इसी को कहा कि इसी को बार – बार पढो । जितनी बार पढते हैं। उतनी बार ऐंसा लगता है कि हम अलौकिक लोक में यात्रा कर रहे हैं , ऐसा होता हैं। बिल्कुल क्या ! आज क्षायिक सम्यग्दर्शन के बारे में तुलना करना मुश्किल हो गया था क्योकि क्षायिक भाव ! और क्षायिक भाव हो तो गया लेकिन उसका विकास नही हैं। ऐंसा कहॉ लिखा है ? मुझे बताओ । षट्खंडागम के किसी भी सूत्र में नही लिखा क्षायिक भाव उन्होने कह दिया चतुर्थ गुणस्थान से लेकर के सब गुणस्थान सब में हैं। ठीक लगाओ उसमें विकास नही होता हैं। ऐसा तो नही कहा। जब अल्प बहुत्व की बात आएगी तो कहेगे । * हो नही सकता * नही अनुभव नही अभी पढ कर के आए हैं वो पहले से ही * सुनो – सुनो अनुभव नही लगाओं पहले से तो सुनो सुनो अनुभव मत लगाओं उसमें । हम केवल तो आधार लेकर ही कहते हैं। हॉ । अन्यत्र आप निराधार कुछ बोलेगे तो मैं सुनूँगा नही , सुनकर के इसको निकाल दूँगा। क्योकि ये लोग आधार दे नही पाएँगे। और हमें तो आगे आधार देकर के इनको समझाना है और समझ में आ जाए तो ठीक हैं। तो हमें कोई मतलब नही है किन्तु ये है , आधार है हमारे पास । इससे बढ़कर के कोई आधार नही हैं। और यह द्रव्य क्षेत्र काल भाव की बात है शांतिनाथ भगवान के दरबार में ये सब हो गया । * हॉ शांतिधारा का परिणाम है यह हॉ । इतना बिल्कुल । इस प्रकार से चर्चा भूदो न भविष्यति । और , किसी को भी इसमें एतराज नही होगा । कोई विरोध नही कर सकता और कोई युक्ति नही दे सकेगा। ये विकास क्रम है , जिन्होने इस धारणा को अभी तक सुनी नही और सुनते हैं। उनको लगेगा कि हमने ये क्या कहा ?और क्या लिखा ? और हमने दूसरों को समझा दिया ? इसीलिए जब बीच – बीच में अध्यात्म की टीकाओं में भी आ जाता है , ''भरतादि जो सम्यग्दृष्टि है उनका क्षायिक सम्यग्दर्शन भी व्यवहार और सराग है।'' तो इसका अर्थ यही है कि जघन्य अवस्था में बैठे हैं। , विकास करो , चरित्र के माध्यम से । कई बार हमने कहा , सम्यग्दर्शन उत्पन्न होता हैं। ये बिल्कुल ठीक हैं। उसी के माध्यम से चारित्र में भी समीचीनता आती हैं। लेकिन चारित्र के माध्यम से ही उसमें पूर्ति होती चली जाती हैं। उसकी

जो है अंतिम यात्रा , जो पूर्णता में होगी , वह बिना चरित्र के संभव नही । इसलिये कुन्द – कुन्द देव ने चारित्र खलु
